विधान परिषद् के तृतीय सत्र **2023** के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा**0** सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-**39** का उत्तर

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| **39.(**क)क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में प्राच्य भाषा संस्कृत विद्यालयों में कुल कितने शिक्षकों के कितने पद सृजित हैं, तथा सृजित पदों के सापेक्ष कितने शिक्षक नियुक्त हैं एवं कितने पद कब से रिक्त चल रहे हैं**?** | प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों के सृजित/स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है- |

1- राजकीय संस्कृत विद्यालयों में सृजित/स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थितिः-

| क्र.सं. | पदनाम | सृजित/स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| **1** | प्रधानाचार्य | **01** | **0** | **01** |
| **2** | अध्यापक | **07** | **01** | **06** |

2- सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में सृजित/स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थितिः-

| क्र.सं. | पदनाम | सृजित/स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| **1** | प्रधानाचार्य | **567** | **215** | **352** |
| **2** | अध्यापक | **2073** | **954** | **1119** |

उक्त प्रधानाचार्य/अध्यापकों के पद उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के दिनांक से विभिन्न तिथियों में सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप रिक्त चल रहे हैं।

| | |
|---|---|
| **(**ख) इसके क्या कारण हैं**?** | सेवानिवृत्ति से फलित रिक्ति के कारण। |
| **(**ग) उक्त संस्कृत विद्यालयों में रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति कब तक करा देंगे**?** | संस्कृत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। संस्कृत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु शासनादेश संख्या-**794/**पन्द्रह-**9- 2021-2001(01)/2020** दिनांक **24** जुलाई, **2021** द्वारा प्रथम बार उत्तर मध्यमा हेतु रू**0 15000/-** एवं पूर्व मध्यमा हेतु रू**0 12000/-(**ग्रीष्मावकाश की अवधि को छोड़कर) मानदेय पर अस्थायी रूप से शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने की व्यवस्था की गयी है, जिसके अंतर्गत मानदेय पर **518** शिक्षक कार्यरत हैं। |

इसके अतिरिक्त संस्कृत विद्यालयों में मानदेय पर अस्थायी रूप से शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने हेतु शासनादेश संख्या-**516 /**पन्द्रह-**9 -2023-2001(01) /2020** दिनांक **17** मई**, 2023** के अनुक्रम में **645** पदों का विज्ञापन प्रकाशित किया गया**,** जिसके सापेक्ष चयन प्रक्रिया गतिमान है।

गुलाब देवी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।